NCERT SOLUTIONS

CLASS - 9th

aglasem.com

Class : 9th
Subject : हिंदी
Chapter : 3
Chapter Name : रीड़ की हड्डी

Q1 रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद बात बात पर "एक हमारा ज़माना था..." कहकर अपने समय की तुलना वर्तमान समय से करने है | इस प्रकार की तुलना करना कहाँ तक तर्क संगत है?
Answer.
बीते हुए समय की तुलना वर्तमान समय से करना तर्क संगत नहीं है क्योंकि हर समय अपनी उस समय की परिस्थितियों के अनुसार सही होता है, जब ज़माना बदलता है तो कुछ कमियों के साथ सुधार भी आता है। अतः मनुष्य का स्वभाव है कि वह बीते हुए समय को याद करता है और उसी को ठीक ठहराता है ।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q2 रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाना और विवाह के लिए छिपाना, यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को उजागर करता है?
Answer.
आधुनिक समय में रूढ़िवादी लोग लड़के को शिक्षित करना शान समझते है परन्तु लड़की को उच्च शिक्षा देना जरूरी नहीं समझते। अत: बेटी के पिता को अपनी बेटी की ख़ातिर रूढ़िवादी लोगों के दबाव में झुकना पड़ता है। यही बात उनकी इसी विवशता को उजागर करती है।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q3 अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे है, वह उचित क्यों नहीं है?
Answer.
अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे हैं, वह उचित नहीं है। वे अपनी लड़की की सुंदरता बढ़ाने के लिए नकली प्रसाधन सामग्री का उपयोग करने के लिए कहते हैं और अपनी शिक्षित लड़की को कम पढ़ा लिखा साबित कर रहे है जो अनुचित है। आज समाज में लड़का तथा लड़की को सामान अधिकार प्राप्त है तो भी यह चाहते है कि उमा वैसा व्यवहार करे जैसा लड़के वाले चाहते हैं। परन्तु वे यह क्यों भूल रहे हैं जिस प्रकार लड़के की अपेक्षाएँ होती हैं ठीक उसी तरह लड़की की भी होती हैं।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q4 गोपाल प्रसाद विवाह को बिज़नेस मानते हैं और रामस्वरूप अपनी बेटी की उच्च शिक्षा छुपाते हैं क्या आप मानते हैं कि दोनों ही समान रूप से अपराधी है ? अपने विचार लिखिये।

aglasem.com

Answer.
मेरे विचार से दोनों ही समान रूप से अपराधी है। रामस्वरूप जहाँ आधुनिक सोच वाले व्यक्ति है अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाकर रूढ़िवादी लोगों के आगे झुकना अपनी कायरता का परिचय दे रहे है। गोपाल प्रसाद विवाह जैसे पवित्र बंधन में भी बिज़नेस खोज रहे है। वे इस तरह के आचरण से संबंधों की गरिमा और मधुरता को कम कर रहे है।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q5 '....आपके लाड़ले बेटे के रीढ़ की हड्डी भी है या नहीं....' उमा इस कथन के माध्यम से शंकर की किन कमियों की ओर संकेत करना चाहती है?

Answer.
1) क्योंकि शंकर का अपना कोई निजी व्यक्तित्व नहीं है उसे जैसा कहा जाता वह वैसा ही करता है। वह अपने पिता के पीछे चलने वाला जीव है।
2) शंकर का चरित्र अच्छा नहीं वह लड़कियों के होस्टल के चक्कर काटता है।
3) वह शरीर से कमजोर, झूककर चलता है इस तरह वह शारीरिक रूप से भी समर्थ नहीं है।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q6 शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की- समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।
Answer.
शंकर जैसे चरित्रहीन व्यक्ति समाज को कोई दिशा नहीं प्रदान कर सकते। समाज मे उमा जैसी लड़कियों की आवश्यकता है जो स्पष्टटवादिनी तथा उच्च चरित्र वाली हैं। ऐसी लड़कियाँ ही गोपाल प्रसाद जैसी दोहरी मानसिकता रखने वाले लालची और ढोंगी लोगों को सबक सिखा सकती हैं। समाज और देश को प्रगति की राह पर लेकर जा सकती हैं।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q7 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।
Answer.
इस पाठ के जरिए यही बताने का प्रयास किया गया है कि स्त्री और पुरूष दोनों में समानता होनी चाहिए। जिस प्रकार मानव में रीढ़ की हड्डी महत्वपूर्ण मानी जाती हैं ठीक उसी प्रकार वैवाहिक रिश्तों में लड़का और लड़की रीढ़ की हड्डी के समान होते है। अतः नारी को कम स्तर पर समझ कर प्रगतिशील समाज की कल्पना नहीं कर सकते अतः यह उचित शीर्षक है।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q8 कथा वस्तु के आधार पर आप किसे एंकाकी का मुख्य पात्र मानते है और क्यों ?

Answer.
कथा वस्तु के आधार पर हम उमा को मुख्य पात्र मानते हैं क्योंकि पूरी कहानी उमा के इर्द -गिर्द घूमती है। भले उमा की उपस्थिति थोड़े समय के लिए है पर हमें बहुत कुछ सोचने पर मजबूर करती है। उसकी उपस्थिति नारी-समाज को एक नई सोच और दिशा प्रदान करती है। हम उसके विचारों से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते हैं।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q9: एकाकी के आधार पर रामस्वरूप और गोपालप्रसाद की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।
Answer.
रामस्वरूप एक मजबूर लड़की का पिता है। वे आधुनिक और प्रगतिशील विचारधारा वाला व्यक्ति है। वे एक विवश और कायर इंसान है। एक तरफ उसने अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलाई दूसरी तरफ उसकी शादी के समय यही शिक्षा छुपाने का प्रयास करते हैं।
गोपाल प्रसाद एक लालची इंसान है। इसका पता इस बात से लगता है जब वह विवाह जैसे पवित्र बंधन को बिज़नेस मानता है। वह निहायती चालाक और बड़बोला इंसान है। वह पढ़ा लिखा होने के बावजूद स्त्री-पुरुष की समानता में विश्वास नहीं रखता। इसी कारण वश वे अपने पढ़े-लिखे बेटे की शादी कम पढ़ी-लिखी लड़की से करना चाहता है ।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q10: इस एकांकी का क्या उद्देश्य है ?लिखिये।
Answer.
इस एंकाकी के निम्नलिखित उद्देश्य हैं-

1) यह एकाकी बेटी के माता-पिता को बेटी के विवाह के समय आने वाली परेशानियों को उजागर करती है।
2) लोगों की मानसिकता कि उच्च शिक्षा का अधिकार केवल लड़कों को है। इस समस्या को समाज के सामने लाना भी इस एमांकी का उद्देश्य है।
3) यह एकांकी लड़का लड़की की समानता के पक्ष में है।
4) लड़की को अपने विचार व्यक्त करने की आज़ादी देना इस एकांकी का उद्देश्य है।
5) लड़की के शिक्षा के प्रति दोहरी मानसिकता रखने वालों को सामने लाना भी इस एकांकी का उद्देश्य है।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q11: समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप कौन से प्रयास कर सकते है ?
Answer.
1) स्त्री और पुरूष के अधिकार समान होने चाहिए ।
2) लड़कियों को अपनी इच्छा अनुसार हर क्षेत्र में जाने में बढ़ावा देना।
3) महिलाओं को उचित सम्मान देन|,उन्हे हीन दृष्टि से नही देखना चाहिए ।

aglasem.com

4) अपने समय की महान महिलाओं का उदाहरण समाज
को प्रस्तुत करना ।
5) महिलाओं की शिक्षा की ओर खास ध्यान देना।
6) मीडिया को भी महिलाओं के मान-सम्मान का ध्यान रखना चाहिए।
7) समाज में लड़के और लड़कियों के बीच का अंतर खत्म करने का प्रयास करूगाँ/करुंगी।

Page : 41 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

aglasem.com